## आपातकालीन बैठक दिनांक 28.3.90

सिटी-बोर्ड (नगर-परिषद) जौनपुर की आपातकालीन बैठक दिनांक 28.3.90 दिन बुधवार अपरान्ह 4.00 बजे, श्री सीताराम यादव, अध्यक्ष, सिटी-बोर्ड-जौनपुर की अध्यक्षता में पालिका कार्यालय में अध्यक्ष के कार्यकक्ष में हुयी, जिसमें 19 सदस्य उपस्थित रहे, उनके नाम व कार्यवाही निम्न प्रकार है।

1. श्री सीताराम यादव — अध्यक्ष
2. " नरेन्द्र बहादुर सिंह — सदस्य
3. " रवीन्द्र प्रताप सिंह — "
4. " हाजी मो० सलीम — "
5. " वीरेन्द्र प्रताप यादव — "
6. " गणेश नाथ रावत — "
7. " बाबूलाल गुप्त — "
8. " दयाशंकर — "
9. " सुनील श्रीवास्तव — "
10. " कैलाशनाथ मौर्य — "
11. " विद्यासागर सोनकर — "
12. " शिव कुमार गुप्त — "
13. " सै० मेंहदी हसन — "
14. " राजेन्द्र प्रताप सिंह — "
15. " राम अधार यादव — "
16. " मिठाई लाल — "
17. " मुख्तार अहमद — "
18. " नजीर हुसैन — "
19. " दुर्बलाल — "
20. " कृष्ण कुमार — "

सीताराम यादव
अध्यक्ष,
सिटी-बोर्ड
जौनपुर
28.3.90

## —: विशेष प्रस्ताव :—

सिटी-बोर्ड, जौनपुर के सभासदों को

1. आज दिनांक 28.3.1990 को अपरान्ह में पालिका कार्यालय भवन टाउनहाल में आयोजित आपातकालीन बैठक में पालिका द्वारा प्रस्तुत आख्या दिनांक 28.3.90 पर विचार विमर्श हुआ और सर्वसम्मति से विशेष-संकल्प के रूप में निश्चय किया गया कि सिटी-बोर्ड-जौनपुर के अधिशासी अधिकारी के पद से स्थानान्तरित एवं कार्यमुक्त श्री रामगणेश त्रिपाठी की त्रुटियों, अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचारों के साथ ही साथ उनके द्वारा किये गये पालिका धनराशि के गबन, जो अध्यक्ष की आख्या से स्पष्ट है, पर कड़ी विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही शीघ्राति शीघ्र पूरी करने हेतु शासन को लिखा जाय, तथा श्री रामगणेश त्रिपाठी, जो अभी तक पालिका सीमा में ही, पालिका जलकल विभागीय गेस्ट हाउस में रह रहे हैं और स्थानीय राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेकर सिटी-बोर्ड-जौनपुर के दिन प्रतिदिन के प्रशासनिक कार्यों में व्यवधान खड़ा कर रहे हैं, को जौनपुर से अन्यत्र भेजने की कार्यवाही तात्कालिक प्रभाव से की जाय, ताकि पालिका प्रशासनिक अव्यवस्था और कर्मचारियों में व्याप्त भय एवं अनिश्चयता समाप्त हो जाय।

इस विशेष प्रस्ताव में निर्णीत, अपेक्षित सभी कार्यवाइयों को अविलम्ब पूरा करने के लिये पालिका अध्यक्ष को सर्वसम्मति से अधिकृत किया जाता है।

(हस्ताक्षर)
अध्यक्ष,
सिटी-बोर्ड-
जौनपुर
28.3.90